TOYO ENGINEERING

स्वास्थ्य, सुरक्षा, पर्यावरण, गुणवत्ता और सूचना संरक्षा की मूलभूत नीतियां

टोयो इंजीनियरिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (इसके बाद टोयो-आय करके सम्बोदित) की मान्यता है कि, न सिर्फ उचित स्वास्थ्य, सुरक्षा, पर्यावरण, गुणवत्ता, सूचना संरक्षा, व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता एवं संरक्षण के कानून और नियमो का अनुपालन करना, बल्की इनसे जुड़े हमारे ग्राहक और समाज द्वारा अपेक्षित आवश्यकताओं की संतुष्टि करना, हमारे व्यावसायिक गतिविधियों का संचालन और अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों को पूरा करना अनिवार्य है और हम निम्नलिखित मूलभूत नीतीयों का पालन करेंगे :

१. स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण (हेल्थ, सेफ्टी एंड एनवायरनमेंट)

अ) "सुरक्षा अन्य सभी विचारों पर वरीयता करती है" इस बात कि लगातार पुष्टि एवं सर्वसम्मति से इसे साझा करना तथा व्यावसायिक यात्राओं सहित सभी कार्यस्थलों पर सुरक्षित एवं स्वस्थ स्तिथि को समझना और उन्हें बनाए रखना।

आ) खतरों को दूर करने के सभी संभव वास्तविक कदम उठाकर तथा स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण के प्रतिबंधक उपायों को लागु करके स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण की जोखिम को कम करके, सभी कार्यों को बिना किसी दुर्घटना एवं लोगों को बिना हानि पहुंचाते हुए पूर्ण करने का प्रयास करना।

इ) आपने कर्मचारियों को स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण से सम्बंधित मामलो में परामर्श और भागीदारी में प्रोत्साहित करके कार्य के ऐसे वातावरण एवं अवसर प्रदान करने का प्रयास करना ताकि वे अपने मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बनाये रखें तथा उसमे सुधार कर सके।

ई) व्यावसायिक संपत्तियों को बचने के लिए खतरों और जोखिमों के खिलाफ उचित सुरक्षा उपाय करना।

उ) संसाधनों एवं ऊर्जा की बचत करके, अपषिष्ट को विषमुक्ति, कम व पुनः चक्रण करके और हमारे कार्य गतिविधियों के दौरान प्रदूषण रोख कर पर्यावरणीय प्रदूषण भार को न्यूनतम करना।

ऊ) स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण प्रक्रियाओं के माध्यम से उनके वजनबद्धता को पहचानना एवं उनका पालन करना अनिवार्य है। टोयो-आय में स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण पालन करना अनिवार्य है और यह लाइन प्रबंधन की जिम्मेदारी तथा रोजगार की शर्त है। प्रत्येक कर्मचारी को यह अधिकार है कि यदि वह परिस्थितियों को किसी भी तरह से असुरक्षित मानता है तो काम रोक सकता है।

२. गुणवत्ता (क़्वालिटी)

अ) स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए, उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों एवं सेवाओंको प्रदान करना एवं हमारे ग्राहक और समाज द्वारा के अपेक्षित आवश्यकताओ की पूर्ति करना।

आ) टोयो-आय के नियमो का अनुपालन करना और हमारे उच्च-तकनिकी अनुप्रयोग क्षमताओ और इंजीनियरिंग तकनीकों का अधिकतम उपयोग करना।

इ) हमारे उत्पादों और सेवाओं में शून्य दोष प्राप्त करना।

३. सूचना संरक्षा (इनफार्मेशन सिक्योरिटी)

अ) टोयो-आय के अधिकाराधीन और नियंत्रित सूचना संपत्तियों की गोपनीयता बनाए रखना, उन्हें विनाश या परिवर्तन से बचना और मांग पर उनकी उपलब्धता को सुनिश्चित करना।

आ) सूचना संरक्षा घटनाओं को रोखथाम करना और यदि कोई घटना होती है तो, उसके कारण की जांच करके सुधारात्मक कारवाई करना।

इ) व्यावसायिक निरंतरता के लिए आवश्यक सूचना संरक्षा नियंत्रण योजनाओं और उपायों की स्थापना करके उन्हें बनाये रखना।

४. प्रबंधन प्रणालियों की प्रभावशीलता को स्थापित करने और लगातार सुधार करने के लिए, जोखिम आधारित सोच को बढ़ावा देने के साथ उद्देश्य निर्धारण, खतरे की पहचान, जोखिम मूल्यांकन, प्रति उपायों का निर्धरण, निष्पादन नियंत्रण और समीक्षा, शिक्षा, प्रशिक्षण देना तथा व्यावसायिक निरंतरता के लिए, प्रबंधन के द्दढ़ विश्वास के अनुरूप, कर्मचारी जुड़ाव करके स्वास्थ्य, सुरक्षा, पर्यावरण, गुणवत्ता और सूचना संरक्षा सुनिश्चित करना एक पूर्वापेक्षा है।

५. जागरूकता और प्रशिक्षण के माध्यम से स्वास्थ्य, सुरक्षा, पर्यावरण, गुणवत्ता, सूचना संरक्षा, गोपनीयता और व्यक्तिगत जानकारी की संरक्षण के लिए सभी कर्मचारियों की मानसिकता में लगातार सुधार करना।

यह नीतियां किसी भी क्षेत्र अथवा देश में कार्यरत सभी टोयो-आय कर्मचारियों पर लागू होंगी। टोयो-आय अपने ग्राहकों, अनुध्यापत्रदाताओ, व्यावसायिक भागीदारों तथा अन्य संबंधित दलों के साथ इन नीतियोंको साझा करके इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए सहयोग करेगा।

मई २७,२०२४

川原 崇

ताकाशी कवहारा
प्रबंध निदेशक
टोयो इंजीनियरिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड